कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय E-Mail ID
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) eecdkannuaj@yahoo.com
ग्वाल मैदान, कन्नौज (209725) eecdupjnkannauj@gmail.com
जल सारथी

पत्रांकः- 2206/ कार्य-3 /195 दिनांकः- 22.09.26

सेवा में,

जिलाधिकारी

कन्नौज।

विषय- दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में प्रकाशित खबर "दो मजरों में पेयजल आपूर्ति ठप, समय पर नहीं मिलता पुष्टाहार" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 18.09.2026 को दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान "दो मजरों में पेयजल आपूर्ति ठप, समय पर नहीं मिलता पुष्टाहार" के शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विकास खण्ड छिबरामऊ ग्राम पंचायत मुढ़िया मेदेपुर पेयजल योजना का कार्य मै0 बी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है।

उक्त पेयजल योजना पर बाउन्ड्रीवाल व पम्प हाउस का निर्माण कराते हुए अवर जलाशय का कार्य Zink-Alum Tank Instalation कराते हुए सौर ऊर्जा का अधिष्ठापन पूर्ण किया जा चुका है, पाइप लाइन ज्वाइंटिंग एवं टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है। C.I.R.P. के अनुसार जनवरी 2027 तक योजना के सभी ग्रामों में सुचारू रूप से जलापूर्ति प्रारम्भ कराना लक्षित है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

Digitally signed by
ASHOK KUMAR RAO
Date: 22-09-2026
10:56:39

(ए0 के0 राव)

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

Kannauj News: दो मजरों में पेयजल आपूर्ति ठप, समय पर नहीं मिलता पुष्टाहार

Sep 18, 2026 09:02 pm IST
By **Hindustan | Bureau**
हिन्दुस्तान, कन्नौज

Kannauj News: छिबरामऊ के विकास खंड में दो ग्राम पंचायतों में चौपाल का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का भरोसा दिलाया नहीं हो रही है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि समस्याओं को शीघ्र समाधान किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner